**Seventeenth Loksabha**

an>

# Title: Need to set up industries in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh -laid.

**श्री राजबहादुर सिंह (सागर):** सागर में औद्योगिक क्षेत्र में हमारे युवाओं को काफी कम अवसर प्राप्त है। काम और उद्योग की तलाश में हमारे यहां के ज्यादातर युवा पलायन करते हैं क्योंकि काफी वर्षों से यहां पर औद्योगिक क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ। यहां पर सबसे पुराना उद्योग जो कुटीर उद्योग के उपक्रम में आता है वह है बीड़ी उद्योग । हमारा लोकसभा क्षेत्र सागर जो कि शिक्षा और अन्य सुविधाओं की दृष्टि से देश में  काफी सुगम है और भोपाल और नागपुर से लगा हुआ होने के नाते लोकसभा क्षेत्र सागर में काफी साधन संसाधन उपलब्ध हैं लेकिन उद्योग एवं काम धंधे ना होने की वजह से हमारे युवाओं को पलायन करना पड़ता है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारे लोकसभा क्षेत्र सागर के अंतर्गत नए उद्योग के अवसर हो।